## ALLAHABAD STATE UNIVERSITY, ALLAHABAD

No.ASUA/R.O/ 287/2018 Date .8/5./2018

**ADMISSION NOTICE 2018-2019**

Applications are invited for admissions in the regular programmes: M.A. in Hindi, Economics, Ancient History, Political Science, Master in Social Work and M.Com running in the University Campus and Professional Courses: Three year L.L.B., Five Year B.A.L.L.B., B.B.A., B.C.A., B.P.Ed., M.P. Ed., M.Ed. in its affiliated colleges as per following:

Date of Registration & Online Submission- 10 May 2018, Last Date of Online Submission- 31 May 2018, Dates of Test- 23 & 24 June 2018.

For details visit the website ***www.alldstateuniversity.org***

Registrar

Website : www.alldstateuniversity.org E-mail ID- registrarasua@gmail.

# इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, उ0प्र0
# Allahabad State University, Allahabad, U.P.

पत्रांकः इ0रा0वि0वि0 / कु0स0का0 / 287-2018 दिनांकः 8/5/18

## प्रवेश हेतु विज्ञप्ति

इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद परिसर में शैक्षणिक सत्र 2018–19 में एम0काम0, एम0ए0 (प्राचीन भारतीय इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र एवं हिन्दी) एवं समाज कार्य हेतु तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में चलाये जा रहे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे–विधि, बी0बी0ए0, बी0सी0ए0, बी0पी0एड्0 एवं एम0एड्0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र एतद् द्वारा दिनांक 31–05–2018 तक आमंत्रित किए जाते हैं। प्रवेश से सम्बन्धित विवरण, अर्हताएं एवं अन्य सम्बन्धित सामान्य नियम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.alldstateuniversity.org पर उपलब्ध हैं।

### प्रवेश से सम्बन्धित नियम/शर्तें एवं अन्य समस्त विवरण

1–अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु आनलाइन सबमिशन करने हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता निम्नानुसार है:–

क. एम0काम0–विधि द्वारा स्थापित एवं यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान अथवा विदेशी विश्वविद्यालय से त्रिवर्षीय बी0काम0 उपाधिधारक।

ख. एम0ए0 (प्राचीन भारतीय इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र एवं हिन्दी) विधि द्वारा स्थापित एवं यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से त्रिवर्षीय उपाधि प्राप्त हो अथवा विदेशी विश्वविद्यालय स्नातक उपाधिधारक हो। स्नातक स्तरपर सम्बन्धित विषय का पढ़ा होना अनिवार्य है।

ग. एम0एस0डब्ल्यू0 पाठ्यक्रम के लिए विधि द्वारा स्थापित एवं यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से त्रिवर्षीय उपाधि प्राप्त हो अथवा विदेशी विश्वविद्यालय स्नातक उपाधिधारक हो।

2–अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु ऑनलाइन ही आवेदन करना अनिवार्य हैं। पूरित आवेदन पत्र की स्वसत्यापित फोटो प्रति विश्वविद्यालय में जमा किया जाना है। अभ्यर्थी पूरित आवेदन पत्र एवं चालान की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखेगा जिसे प्रवेश के समय प्रस्तुत करना होगा।

3–अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु निर्धारित आवेदन शुल्क रू0 600.00 (सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु) तथा रू0 400.00 (अनुसूचित जाति एवं जनजाति हेतु) चालान के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा।

4–आवेदन शुल्क चालान वेबसाइट से डाउन लोड करते हुए इलाहाबाद बैंक की किसी भी शाखा में जमा किया जा सकता है। आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।

5– एम0काम0, एम0ए0 एवं एम0एस0डब्ल्यू0 के प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु कुल 30 सीटें विश्वविद्यालय परिसर में निर्धारित हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निम्नानुसार आरक्षण का पालन किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| (क) | अनुसूचित जाति | – 21 प्रतिशत |
| (ख) | अनुसूचित जनजाति | – 2 प्रतिशत |
| (ग) | अन्य पिछड़ा वर्ग (इसके लिए क्रीमीलेयर के अभ्यर्थी अर्ह नहीं है) | – 27 प्रतिशत |

**क्षैतिज आरक्षण–**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | शारीरिक रूप से विकलांग | – 3 प्रतिशत |
| (ख) | स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित (पुत्र/पुत्री, पौत्र/पौत्री, प्रपौत्र/प्रपौत्री) | –2 प्रतिशत |
| (ग) | भूतपूर्व सैनिक एवं युद्ध में शहीद, युद्ध में अपंग रक्षा कर्मी अथवा उनके पाल्य | –2 प्रतिशत |

पताः सी0पी0आई0 परिसर, महात्मा गाँधी रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद (उ0प्र0), फोनः 0532–2256206

Address : C.P.I. Campus, Mahatma Gandhi Road, Civil Lines, Allahabad (U.P.) Ph. 0532-2256206

(घ) कारगिल युद्ध में शहीद रक्षा कर्मी में आश्रित – 1 प्रतिशत
(ड) काश्मीर विस्थापित –5 प्रतिशत
(च) कार्यरत् सैनिक एवं उनके पाल्य (पति/पत्नी, पुत्र/पुत्री) – 1 प्रतिशत

**6–प्रवेश अर्हकारी परीक्षा की मेरिट के आधार पर किए जाएंगे, परन्तु अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम सेप्रवेश दिए जाएंगे।**

7–प्रवेश परीक्षा आयोजित किए जाने हेतु तिथि एवं परीक्षा केन्द्र आदि की जानकारी अभ्यर्थी को पृथक से एडमिट कार्ड के माध्यम से दी जाएगी। प्रवेश की सूची विश्वविद्यालय की साइट पर प्रदर्शित की जाएगी।

8– प्रवेश परीक्षा में कुल 100 वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे जो स्नातक वाणिज्य एवं स्नातक कला स्तर के होंगे।

9–मेरिट हेतु किसी भी संवर्ग (कटेगरी) तथा भारांक (वेटेज) हेतु निम्नांकित सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।

क. जाति, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित, काश्मीर विस्थापित
एवं कारगिल शहीद प्रमाण–पत्र –जिलाधिकारी
ख. प्रति रक्षा प्रमण–पत्र –जिला सैनिक कल्याण अधिकारी
ग. दिव्यांग प्रमाण–पत्र –मुख्य चिकित्साधिकारी

10–प्रवेश समिति किसी भी अभ्यर्थी का प्रवेश बिना बताये हुये निरस्त कर सकती है।

11–स्नाकोत्तर प्रवेश हेतु अर्हताकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त किसी भी अन्तराल की छूट अनुमन्य नहीं हैं।

12–विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अर्हता की अन्तिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते है, परन्तु उनका प्रवेश प्रवेश तिथि तक उत्तीर्ण अंकतालिका प्रस्तुत करने पर ही अनुमन्य होगा।

13–अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन फार्म सबमिट करने में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। ऑनलाइन फार्म सबमिट करने के उपरान्त किसी भी प्रकार का परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा।

**प्रवेश सेसम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियॉ**

1. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का प्रारम्भ– 10 मई 2018
2. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अन्तिम तिथि-- 31 मई 2018

पताः सी०पी०आई० परिसर, महात्मा गाँधी रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद (उ०प्र०), फोनः 0532–2256206
Address : C.P.I. Campus, Mahatma Gandhi Road, Civil Lines, Allahabad (U.P.) Ph. 0532-2256206